शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

दिसंबर, 2022 के लिए मंत्रिमंडल का मासिक सार:

दिसंबर, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. महीने भर चलने वाले काशी तमिल संगम का समापन 16 दिसंबर, 2022 को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री उपस्थित थे।अन्य गणमान्य व्यक्तियों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, तमिलनाडु के राज्यपाल, केंद्रीय शिक्षा,कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री; केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री और केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन राज्यमंत्री और सूचना और प्रसारण मंत्री थे, जिन्होंने समापन समारोह में भाग लिया।

2. मुख्य सचिवों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के निर्णयों के आलोक में एनईपी, 2020 के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा करने के लिए 5 दिसंबर, 2022 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के एसीएस/मुख्य सचिवों/उच्च और तकनीकी शिक्षा सचिवों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

3. उच्च शिक्षा संस्थानों के मूल्यांकन और प्रत्यायन को मजबूत करने के लिए समिति की दूसरी बैठक 21 दिसंबर, 2022 को डॉ. के. राधाकृष्णन, अध्यक्ष, शासी बोर्ड, आईआईटी कानपुर और अध्यक्ष, स्थायी समिति,आईआईटी परिषद की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी।

****